जामिया मिल्लिया इस्लामिया

जनसंपर्क एवं मीडिया समन्यवक कार्यालय

प्रेस विज्ञप्ति 20 नवंबर 2020

**फेसबुक के डेवलपर सर्कल्स कम्युनिटी चैलेंज को जामिया के दो छात्रों की टीम ने जीता**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दो छात्रों, मोहम्मद अहमद (बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग चैथे वर्ष) और मोहम्मद अज़हान (बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग चैथे वर्ष) की टीम ने, फ़ेसबुक द्वारा होस्ट किए गए ''रीजनल लेवल डेवलपर सर्किल कम्युनिटी चैलेंज'' को जीत लिया। इस प्रतियोगिता द्वारा फेसबुक ने डेवलपर्स और क्रिएटर्स को फ़ेसबुक की क्षमताओं का प्रदर्शन करने वाले ट्यूटोरियल बनाने के नए तरीके अपनाने के लिए आयोजित किया था। इस मुक़ाबले में दुनिया भर से 2422 प्रतिभागियों एवं टीमें शामिल हुई थीं।

इस विजयी टीम को 2,000 अमेरिकी डाॅलर के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जामिया की इस टीम सहित दुनिया भर की 20 अन्य टीमों को अपनी परियोजनाओं पर और उन्नत काम करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके लिए उन्हें सोमवार, 30 नवंबर तक का समय दिया गया है। इसके ग्लोबल ईनामों की घोषणा मध्य दिसंबर तक की जाएगी।

फेसबुक का यह डेवलपर सर्किल, इनोवेटर्स का एक समुदाय हैं, जहां नए और अनुभवी डेवलपर्स को नए कौशल बनाने, नए विचारों को विकसित करने और अपने करियर को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त टूल मुहैया कराए जाते हैं। इसके ज़रिए, इसमें हिस्सा लेने वालों को उनके द्वारा बनाए गए कोड पर ट्यूटोरियल एवं सॉफ़्टवेयर समाधानों को और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

जामिया की कुलपति, प्रो नजमा अख्तर ने दोनों छात्रों को उनकी उपलब्धि पर बधाई के साथ ही आगे भी नए कामयाबियां पाने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शोधकर्ताओं के वैज्ञानिक अनुसंधान से विश्व का ध्यान जामिया के प्रति आकर्षित हो रहा है और इस क्षेत्र में पर विश्वविद्यालय अपने छात्रों को और ज़्यादा सुविधाएं मुहैया कराएगा।

**अहमद अज़ीम**

जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया समन्वयक